प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हवाई निरीक्षण कर मेरठ में कांवडियों पर की पुष्प वर्षा : कहा– कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैयार है सरकार।**
2. **केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज लखनऊ में इको–एजुकेशनल हब का किया उद्घाटन : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैज्ञानिक सोच की परिकल्पना को साकार करता है यह केंद्र।**
3. **केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल आगरा में दो दिवसीय एआई फ्यूचर रेडी कांन्क्लेव 2026 के समापन समारोह में हुए शामिल : एआई के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के कार्यों को सराहा।**

**और**

4. **प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश जारी : मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में भारी वर्षा का जताया अनुमान।**

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मेरठ के मोदीपुरम क्षेत्र में एक मंच से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। इस अवसर पर मेरठ के सांसद अरुण गोविल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कांवड़ यात्रियों पर गुलाब की

पंखुड़ियां बरसाईं। इसके साथ ही पूरे कांवड मार्ग पर हलिकॉप्टर से भी शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की गई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर से कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों की नियमित सुरक्षा, सम्मान, सुविधा आदि की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार पूरी तत्परता से कांवड़ यात्रियों के स्वागत और सुरक्षा के लिए तैयार हैं।

बाइट.....

*कांवड़ यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आए हुए सभी कांवड़ यात्रियों का मैं प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत करता हूं और सबका अभिनंदन करता हूं। उनकी सुरक्षा के लिए और उनके स्वागत के लिए हम सब पूरी तत्परता के साथ तैयार हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन, सेक्टर मजिस्ट्रेट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, पुलिसकर्मी, जोन, रेंज, जनपद, थाना स्तर के साथ ही तमाम पुलिस अधिकारी भी अभियान का हिस्सा बनकर सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं।

उधर, उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने आज बताया कि कांवड़ मेला 2026 के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा जनक आवागमन के लिए सहारनपुर–हरिद्वार–सहारनपुर अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन आज से 10 अगस्त तक किया जाएगा।

————————

कंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज लखनऊ में सीएसआईआर–एनबीआरआई के बंथरा कैंपस में इको–एजुकेशनल हब का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के वैज्ञानिक संस्थान अब केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इको–एजुकेशनल हब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस परिकल्पना को साकार करता है, जिसमें विज्ञान, सतत विकास और जनभागीदारी को एकीकृत करते हुए देश की वनस्पतिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने इस बात पर बल दिया कि वैज्ञानिक संस्थानों को उभरती पर्यावरणीय एवं जलवायु संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक प्रौद्योगिकी का समन्वय करना चाहिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए पर्यावरण शिक्षा, जैव विविधता संरक्षण तथा अनुभवात्मक अधिगम का एक अनूठा मंच सिद्ध होगा। बाइट.....

*प्रत्येक प्रदेश के पौधे भी लगाए गए हैं। वह चाहे तो आकर के अपने प्रदेश के पौधे के साथ खड़े होकर के तस्वीर खिंचवा सकते हैं, सेल्फी खिंचवा सकते हैं। दूसरे विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर के यहां विधिवत पीएचडी और दूसरी तरह के अध्ययन कोर्सेस की भी व्यवस्था की जा सकती है।*

————————

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल आज आगरा में दो दिवसीय एआई फ्यूचररेडी कांन्क्लेव 2026 के समापन समारोह में शामिल हुए। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ए आई के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि एआई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क़ी सोच के अनुरूप जो कार्य हो रह हैं, उसका असर धरातल पर दिख रहा है। बाइट.....

*यहां एआई एडॉप्शन की बात हो रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जहां भारत आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सोच अनुरूप कार्य जो हो रहा है कि धरातल पर इसका प्रभाव दिखाई दे। कृषि से लेकर स्वास्थ्य से लेकर छोटे मध्यम उद्योग और तमाम ऐसी जगहों पर एआई का इस्तेमाल करते हुए भारत कैसे आगे बढ़ेगा और खासतौर से हमारे युवा जिनकी आज प्रतिभा मैंने देखी कि जो छात्र–छात्राएं हैं कॉलेजेस में उनको एआई के लिए क्या सरकार प्रोत्साहन दे रही है उसके बारे में जानकारी दी।*

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि एआई के बिना भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। बाइट.....

*एआई का भविष्य क्या है? हमें कितना इस्तेमाल करना चाहिए और क्यों करना चाहिए और इसके बिना भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता है। इस विषय से जुड़े अपने विचार व्यक्त किए। दो दिवसीय था। इस वैचारिक मंथन से अमृत निकलेगा वो भारत को प्रधानमंत्री का विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करेगा।*

एसपी सिंह बघेल केंद्रीय राज्य मंत्री कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी शामिल हुए।

——————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज प्रयागराज में केपी ग्राउंड में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए देश के विकास में युवाओं की सहभागिता को लेकर चर्चा की।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जनपद एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न स्थानीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की विकास आवश्यकताओं, जनहित से जुड़े विषयों तथा स्थानीय स्तर पर सामने आ रही

समस्याओं की जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

——————————

उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने आज बस्ती में जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में व्यवस्थाओं का जायजा लेते समय चादरों और एसी की स्थिति को लेकर नाराजगी जताई और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपमुख्यमंत्री ने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से उनके इलाज और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बाइट.....

*मरीजों को अभी तक वातानुकूलित सेवाएं वहां उपलब्ध नहीं थी। तत्काल एसी लगाए जाने के निर्देश दिए। पूरे वार्ड को वातानुकूलित किया जाए। इसके लिए धनराशि रोगी कल्याण निधि में उपलब्ध है। अस्पताल परिसर की पूरी मरम्मत किया जाए। सड़के जो टूटी है, बनाई जाए।*

——————————

प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार एक पहल करने जा रही है। अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि शासन की ओर से सभी जिलाधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस, और आईएफएस के युवा अधिकारी हर माह कम

से कम एक इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालय का भ्रमण कर विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करें। एक रिपोर्ट.....

*अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, को प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन कार्यक्रमों में सहभागितापूर्ण चर्चा और प्रश्नोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी। निर्देशों के अनुसार जिलाधिकारी प्रत्येक माह इन कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार करेंगे। प्रत्येक जिले को आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण तैयार कर प्रत्येक माह की 05 तारीख तक शासन के माध्यमिक शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराना होगा। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

————————

प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान–2026 के सफल और प्रभावी आयोजन के संबंध में अमरोहा में जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने लोगों स बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। वहीं पीलीभीत में हर घर तिरंगा–अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, शिक्षक और स्थानीय लोग शामिल हुए।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल सिद्धार्थनगर जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान डुमरियागंज एवं बांसी में लगभग 311 करोड रुपये की लागत वाली योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के बारे में

मीडिया को जानकारी देते हुये स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के जनपद भ्रमण से सिद्धार्थनगर जिले को विकास की कई सौगातें मिलेगी।

——————————

प्रदेश के कई जनपदों में रुक रुक कर बारिश जारी है। नोएडा में बारिश के बाद शहर के कई इलाको में जलभराव स्थिति बन गई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में गरज–चमक के साथ बौंछारे पड़ने का अनुमान जताया है। वहीं अगले दो दिनों के लिए राज्य के कई भागों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं मैदानी और पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। घाघरा नदी बाराबंकी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बदायूं और फर्रूखाबाद में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा और अयोध्या में घाघरा नदी खतरे के निशान के पास बह रही है।

(समाप्त)